PRESS INFORMATION BUREAU
पत्र सूचना कार्यालय
GOVERNMENT OF INDIA
भारत सरकार

**Business Bhaskar, Faridabad**
**Wednesday 19th February 2014, Page: 10**
**Width: 4.89 cms, Height: 14.67 cms, a4, Ref: pmin.2014-02-19.61.73**

# पेटेंटड दवाओं की कीमतों पर मांगी उद्योग संगठनों की राय

बिजनेस भास्कर ▶ **नई दिल्ली...**

पेटेंटेड दवाओं की कीमतों पर बनी संयुक्त सचिवों की अंतर मंत्रालयी समिति ने दवा उद्योग संगठनों और दूसरे भागीदारों से पेटेंटेड दवाओं की कीमतों को नियंत्रित करने के मुद्दे पर राय मांगी है। उद्योग संगठन 25 फरवरी तक समिति को अपनी राय भेज सकते हैं। इसके अलावा कोई भी एसोसिएशन समिति के समक्ष अपना रेप्रेजेंटेशन दे सकता है। डिपार्टमेंट ऑफ फार्मास्युटिकल्स की ओर से उद्योग संगठनों को भेजे गए पत्र में कहा गया है कि विभाग ने पेटेंटेड दवाओं और मेडिकल डिवाइस को मार्केटिंग अप्रूवल देने से पहले रेफरेंस प्राइस तय करने या कीमतों पर मोलभव करने के लिए सुझाव देने के मकसद से एक समिति का गठन किया था। समिति ने सभी भागीदारों की राय जानने के बाद अपनी रिपोर्ट दी थी। डिपार्टमेंट ऑफ फार्मास्युटिकल ने इस रिपोर्ट को सार्वजनिक किया था। रिपोर्ट पर विभिन्न भागीदारों की अलग-अलग राय को देखते हुए इस मुद्दे पर विचार करने और पेटेंटेड दवाओं की कीमतें तय करने का तरीका बताने के लिए संयुक्त सचिवों की अंतर-मंत्रालयी समिति का गठन किया गया है। इससे पहले सरकारी समिति ने पेटेंटेड दवाओं की कीमतों को नियंत्रित करने के लिए एक रेफरेंस प्राइस पर दवा कंपनियों से मार्केटिंग अप्रूवल देने से पहले मोल भाव करने का सुझाव दिया था।